संपादकीय

बीबीसी पर नया शिकंजा

अगर बीबीसी ने गड़बड़ियां की हैं, तो उसके खिलाफ कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए। लेकिन धारणाएं पृष्ठभूमि से बनती हैं। इस मामले में कहा जा सकता है कि धारणाएं सरकारी एजेंसियों के पक्ष में नहीं हैं, जैसाकि हाल में उनकी कई दूसरी कार्रवाइयों के मामले भी रहा है।

यह धारणा तो पहले ही ठोस रूप ले चुकी है कि वर्तमान भारत को सरकार को अपने समर्थक तबकों के अलावा देश-दुनिया में किसी की निगाह में अपनी छवि की फिक्र नहीं है। हाल में जिन दो घटनाओं ने भाजपा सरकार की छवि को सबसे ज्यादा धूमिल किया, उनमें एक बीबीबी पर मारा गया छापा था। दूसरी ऐसी घटना कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संसद से निकालना रही है। बहरहाल, अब बीबीसी पर शिकंजा और कसते हुए भारतीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी बीबीसी इंडिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ईडी ने पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा विनियम संबंधी कथित उल्लंघन को लेकर ये कार्रवाई की। बताया जाता है कि ईडी ने अब तक बीबीसी इंडिया के एक निदेशक समेत छह कर्मचारियों से पूछताछ भी की है। इस साल फरवरी में भारतीय आय कर विभाग ने बीबीसी इंडिया के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों में सर्वे किया था। बीबीसी इंडिया के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों में आयकर विभाग का सर्वे तीन दिनों तक चला था।

आयकर विभाग ने उस सर्वे के बाद कहा था कि कंपनी की आय और उसके भारत के ऑपरेशन से होने वाले मुनाफे की रिपोर्टिंग में कई वित्तीय अनियमितताएं पाईं गईं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सर्वे के बाद एक बयान में कहा था कि ट्रांसफर प्राइसिंग डॉक्यूमेंट्स के संबंध में महत्वपूर्ण साक्ष्य का पता लगा। उसका कहना था कि बीबीसी समूह की विभिन्न संस्थाओं द्वारा दिखाई गई आय और लाभ के आंकड़े भारत में उनके ऑपरेशन के अनुरूप नहीं है। इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई के ठीक पहले बीबीसी की एक डॉक्यूमेंट्री को लेकर भारत में विवाद उठा था। बीबीसी ने 'इंडिया: द मोदी क्वेश्चन' दिखाई थी, जो साल 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित थी। जाहिर है, आम तौर पर बीबीसी पर कार्रवाई को इस डॉक्यूमेंट्री से जोड़ कर देखा गया। बहरहाल, अगर बीबीसी ने गड़बड़ियां की हैं, तो उसके खिलाफ कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए। लेकिन धारणाएं पृष्ठभूमि से बनती हैं। इस मामले में कहा जा सकता है कि धारणाएं सरकारी एजेंसियों के पक्ष में नहीं हैं, जैसाकि हाल में उनकी कई दूसरी कार्रवाइयों के मामले भी रहा है।

चेपक पर चेन्नई फिर बना सुपरकिंग्स, सनराइजर्स को सात विकेट से पीटा

चेन्नई। डेवोन कॉनवे (77 नाबाद) और रितुराज गायकवाड (35) की सलामी जोड़ी के बीच 87 रन की बहुमूल्य भागीदारी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सात विकेट से आसान जीत दर्ज की।

चेपक स्टेडियम पर सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सात विकेट पर 134 रन बनाये। 135 रन के बौने लक्ष्य का पीछा करते हुये चेन्नई ने ठोस शुरूआत की और मात्र तीन विकेट खोकर आठ गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली। हैदराबाद के खिलाफ चेन्नई ने खेल के हर विभाग में खुद को बेहतर साबित किया। चुस्त क्षेत्ररक्षण और कसी हुयी गेंदबाजी से उसने हैदराबाद के बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया जबकि बाद में तेज मगर सधी हुयी शुरूआत कर मैच को आसानी से अपने पक्ष में कर लिया।

आज के खेल का मुख्य आकर्षण चेन्नई के गेंदबाज रविन्द्र जडेजा (22 रन पर तीन विकेट) और बल्लेबाज डेवोन कॉनवे की धुआंधार पारी रही। कॉनवे ने अपनी नाबाद पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर पर गायकवाड ने सूझबूझ से खेलते हुये उनका भरपूर साथ दिया। हैदराबाद के मयंक मारकंडे (23 रन पर दो विकेट) ने मध्यक्रम के दो बल्लेबाजों को सस्ते में आउट कर हालांकि मैच में कुछ देर के लिये रोमांच पैदा किया मगर वह छोटे लक्ष्य को हासिल करने के लिये चेन्नई के बल्लेबाजों को नहीं रोक सके। हैदराबाद के कप्तान एडन मार्कम ने चेन्नई की सलामी जोड़ी को रोकने के लिये अपने सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया मगर हार को टालने की उनकी हर कोशिश नाकाम साबित हुयी।

इस जीत के साथ धोनी की टीम छह मुकाबलों में चार मैच जीत कर अंकतालिका में राजस्थान रायल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बराबर आठ अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर पहुंच चुकी है वहीं सनराइजर्स ने इतने ही मैच में चार अंकों के साथ दिल्ली के बाद निक्वाली पायदान की दूसरी टीम बन चुकी है।

इससे पहले सनराइजर्स के अभिषेक और ब्रुक ने तेज शुरूआत करते हुये 4.2 ओवरों में 35 रन जोड़े। इस बीच आकाश सिंह की गेंद को उड़ाने के प्रयास में ब्रुक के बल्ले का किनारा लेती हुयी गेंद स्लिप में खड़े रितुराज गायकवाड़ के पास गयी और उन्होने उसे लपकने में कोई गलती नहीं की। ब्रुक के बाद क्रीज पर आये त्रिपाठी ने भी रन गति आठ रन प्रति ओवर के आसपास बरकरार रखा। इस साझेदारी को तोडने में जडेजा को सफलता मिली जब उन्होने अभिषेक को आंजिक्य रहाणे के हाथों कैच आउट कराया। इसके कुछ देर बाद 12वें ओवर में त्रिपाठी भी जडेजा का शिकार बन कर पवेलियन लौट गये।

कप्तान धोनी ने चतुराई से गेंदबाजों का इस्तेमाल करते हुये न सिर्फ रन गति पर नियंत्रण किया बल्कि नियमित अंतराल में विकेट भी मिलते चले गये जिसके चलते सरराइजर्स सात विकेट पर 134 रन ही बना सकी।

जम्मू की दो शटलर्स ने राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए किया क्वालीफाई

जम्मू। जम्मू स्थित खेल प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी),भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की दो प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में आयोजित योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सीनियर नेशनल रैंकिंग के लिये क्वालीफाई किया है।

साई के उप निदेशक नदीम अहमद डार ने बताया कि साई एसटीसी जम्मू की बैडमिंटन प्रशिक्षु उन्नति जराल और कृषिका महाजन ने 11 से 18 अप्रैल तक बहादुरगढ़ (हरियाणा) में आयोजित योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सीनियर नेशनल रैंकिंग के लिए क्वालीफाई किया है।

उन्होंने कहा कि उन्नति ने महिला एकल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया जबकि उन्नति जराल और कृषिका महाजन की जोड़ी ने महिला युगल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया। दोनों लड़कियां सीनियर राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए क्वालीफाई करने वाली जम्मू-कश्मीर बैडमिंटन के इतिहास में पहली खिलाड़ी हैं। दोनों लड़कियां अंडर-19 आयु वर्ग में हैं, फिर भी उन्होंने वरिष्ठ स्तर पर प्रदर्शन किया है।

डार ने कहा कि साई एसटीसी जम्मू के शटलरों ने हाल ही में एसटीसी धार (मध्यप्रदेश) में आयोजित इंटर साई बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक हासिल किए। डार ने कोच तौसीफ अहमद के प्रयासों की भी सराहना की और उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जम्मू-कश्मीर में सभी महत्वाकांक्षी शटलरों के लिए अनुकरणीय और उत्साहजनक है और केवल एथलीटों और कोचों की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण हासिल किया गया है।

ईसीएल के जरिए 1200 करोड़ के सीमा शुल्क का भुगतान : सीबीआईसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने आज कहा कि उसके इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर (ईसीएल) के उपयोग में अब तेजी आने लगी है और अब इसका उपयोग लगभग सामान्य स्तर पर पहुंच गया है क्योंकि इससे आज 1200 करोड़ रुपये के शुल्क का भुगतान किया गया है।

सीबीआईसी ने आज एक एक कर कई ट्विट के माध्यम से ये जानकारी दी। उसने कहा कि एक अप्रैल 2023 को लॉच किये जाने के बाद से अब तक 18064 ई वॉलेट एक्टिवेट किये जा चुके हैं। आज 27.78 प्रतिशत चलान का भुगतान ईसीए के माध्यम से किया गया है। इसके माध्यम से भुगतान की सफलता का अनुपात दूसरे माध्यम से भुगतान की तुलना में 99.9 प्रतिशत है।

उसने कहा कि अभी 203 वॉलेट ब्लाक्ड है और इसको लेकर मध्यस्था का काम जारी है लेकिन इसको शीघ्र ही अनब्लाक्ड किया जायेगा।

जियोसिनेमा के ब्रांड एंबेसडर बने क्रिकेटर रोहित शर्मा

मुम्बई। क्रिकेटर रोहित शर्मा को जियोसिनेमा ने अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। वह अब स्पोर्ट्स व्यूइंग को डिजिटल का पर्याय बनाने के जियोसिनेमा के विजन को आगे बढ़ाने के लिए नई पारी शुरू करेंगे।

इस मौके पर रोहित शर्मा ने कहा, जियोसिनेमा भारत में मोबाइल फोन और कनेक्ट टीवी में खेलों को देखने के तरीके को बदलने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। विकल्प प्रदान करने की उल्लेखनीय श्रृंखला प्रशंसकों को वास्तव में सशक्त कर रही है।

मैं जियोसिनेमा के साथ जुड़कर और इस यात्रा का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बदलाव को सक्षम बनाता है और क्रिकेट प्रशंसकों को बहुत ज्यादा लचीलापन, पहुंच, अंत:क्रियाशीलता और निजता प्रदान करता है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि रोहित जियोसिनेमा की टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। वह एक साझा विजन के तहत सहयोग करेंगे जो कि पहलकदमी की एक श्रृंखला के माध्यम से खेल देखने को डिजिटल का पर्याय बनाने पर केंद्रित है। वह देश भर में फैन बेस का विस्तार करते हुए सभी प्रीमियम स्पोर्ट्स संपत्तियों के लिए जियोसिनेमा के डिजिटल-प्रथम प्रस्ताव को अपनाएंगे।

वायकॉम 18 स्पोर्ट्स के सीईओ अनिल जयराज ने कहा, रोहित शर्मा खेल भावना और बेजोड़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। वह उन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो प्रशंसकों और खिलाडिय़ों को समान रूप से प्रिय हैं। खेलों की हमारी प्रस्तुति और इन दिनों जारी टाटा आईपीएल में रोहित की प्रशंसकों के साथ जुड़ाव की क्षमता के बीच तालमेल है, और यह साझेदारी रोमांचक भविष्य की ओर जाने वाली राह पर भारत को आगे बढ़ाने की हमारी तलाश का एक स्वाभाविक विस्तार है।

गायब होने वाले मैसेज को सेव कर पाएंगे यूजर्स, व्हाट्सएप ने पेश किया कीप इन चैट फीचर

नई दिल्ली । मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने एक 'कीप इन चैट' फीचर पेश किया, जो उपयोगकर्ताओं को गायब होने वाले मैसेज थ्रेड में एक मैसेज को लॉन्ग-प्रेस करने और इसे सेव करने की अनुमति देगा। व्हाट्सएप ने इसे 'सेंडर सुपरपॉवर' कहा है और यह सेंडर की पसंद होगी कि वह चैट में दूसरों को बाद के लिए कुछ मैसेज रखने की अनुमति दे।

मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने एक बयान में कहा, गायब होने वाले मैसेज थ्रेड में मौजूद कोई भी व्यक्ति मैसेज को बनाए रखने के लिए उस पर देर तक दबा कर रख सकता है। यदि इसे सहेजा गया था तो सेंडर को सूचित किया जाएगा जो यह तय कर सकता है कि यह गायब रहने वाला मैसेज है या नहीं।

हालांकि प्राइवेसी की यह अतिरिक्त लेयर मैसेजिस को गलत हाथों में पडऩे से बचाती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा वॉयस नोट या महत्वपूर्ण जानकारी होती है जिसे आप रखना चाहते हैं। यह कार्य करने के लिए, जब कोई मैसेज रखता है तो सेंडर को सूचित किया जाएगा और सेंडर के पास निर्णय को वीटो करने की क्षमता होगी।

व्हाट्सएप ने कहा कि अगर आपने फैसला किया है कि आपका मैसेज दूसरों के द्वारा नहीं रखा जा सकता है, तो आपका निर्णय अंतिम है, कोई और इसे नहीं रख सकता है और टाइमर समाप्त होने पर संदेश हटा दिया जाएगा। इस तरह आपके पास अंतिम निर्णय होता है कि आपके द्वारा भेजे जाने वाले मैसेजिस की सुरक्षा कैसे की जाती है।

आपके द्वारा अपने व्हाट्सएप पर सेव किए गए मैसेजिस को एक बुकमार्क आइकन के साथ नोट किया जाएगा और आप इन मैसेजिस को चैट द्वारा व्यवस्थित, केप्ट मैसेज फोल्डर में देख सकते हैं। कंपनी ने कहा कि नया फीचर अगले कुछ हफ्तों में वैश्विक स्तर पर शुरू हो जाएगा।

रिलायंस का अब तक रिकार्ड तिमाही मुनाफा

मुंबई। पेट्रोलियम, दूरसंचार, डिजिटल, रिटेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में अब तक का रिकार्ड 19299 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया जो इससे पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में अर्जित 16203 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखा जोखा में कहा गया है कि इस तिमाही में उसका सकल शुद्ध लाभ 21327 करोड़ रुपये रहा है जो मार्च 2022 में समाप्त तिमाही के 18021 करोड़ रुपये की तुलना में 18.3 प्रतिशत अधिक है। इसमें 2028 करोड़ रुपये गैर नियंत्रक ब्याज शामिल है। इसको हटाने के बाद कंपनी का शुद्ध लाभ 19299 करोड़ रुपये है।

मार्च 2023 को समाप्त तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व 216376 करोड़ रुपये रहा है जो मार्च 2022 में समाप्त तिमाही में 211887 करोड़ रुपये रहा था। सभी व्यवसायों में जोरदार प्रदर्शन के दम पर रिलायंस का वार्षिक कंसोलिडेटेड राजस्व 23.2 प्रतिशत बढ़कर 9,76,524 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 में वार्षिक कंसोलिडेटेड लाभ 9.2 प्रतिशत बढ़कर 74,088 करोड़ रुपये रहा।

कंपनी ने कहा कि 2,300 से अधिक शहरों/कस्बों में 5जी रोलआउट कर रिलायंस जियो ने अपनी मार्केट लीडरशिप को और मज़बूत किया है। जियो ने 700मेगाहर्ट्ज और 3500मेगाहर्ट्ज बैंड में 60 हजार 5जी साइट को लगा दिया है और दिसंबर 2023 तक पूरे भारत में रोलआउट करने का काम तेज़ी से प्रगति पर है। वित्त वर्ष 2022-23 रिलायंस रिटेल ने पहले के मुकाबले अधिक गति से स्टोर खोलते हुए इस साल 3,300 स्टोर जोड़े। इस तरह रिलायंस रिटेल का कुल क्षेत्रफल 6 करोड़ 56 लाख वर्गफ़ीट हो गया है। वित्त वर्ष 2022-23 ऑइल टू केमिकल्स व्यवसाय में कच्चे माल की कम हुई क़ीमत और अच्छी मार्जिन के कारण पिछले एक साल के नतीजे दमदार रहे हैं।

अब मेजर ध्यानचंद का किरदार निभाएंगे विक्की कौशल

प्रोड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला ने काफी समय पहले हॉकी के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की बायोपिक की घोषणा की थी। तब चर्चा थी कि इस फिल्म में ईशान खट्टर ध्यानचंद की भूमिका में नजर आएंगे। इसके बाद लंबे समय तक फिल्म को लेकर कोई अपडेट नहीं आया। अब चर्चा है कि फिल्म में विक्की कौशल ध्यानचंद का किरदार निभाएंगे। विक्की इससे पहले भी कई बायोपिक और असल घटनाओं पर आधारित फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म में विक्की मुख्य भूमिका निभाएंगे। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, जब विक्की ने स्क्रिप्ट सुनी तो वह बहुत प्रभावित हुए। वह इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं। दोनों के बीच बातचीत आगे बढ़ चुकी है। हालांकि, वे शूटिंग शेड्यूल और कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही आधिकारिक निर्णय लेंगे। यह विक्की और रॉनी की चौथी साझेदारी होगी।

मेघना गुलजार की फिल्म राजी 2018 में आई थी। यह फिल्म भारतीय जासूस सहमत की कहानी थी, जिसका किरदार आलिया भट्ट ने निभाया था। फिल्म में आलिया के साथ विक्की भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। विक्की ने फिल्म में सहमत के शौहर और एक पाकिस्तानी सैन्य अफसर की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब कॉलिंग सहमत पर आधारित थी। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

श्रावणी में खलनायक की भूमिका निभाएंगी बिग बॉस 13 की आरती सिंह

बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट रह चुकीं एक्ट्रेस आरती सिंह को नए शो श्रावणी में चंद्रा चाची की भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। आरती छोटे पर्दे पर पहली बार नकारात्मक भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। अपने इस किरदार को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि वह भूमिकाओं की सीमाओं को पार करना चाहती हैं और हर प्रोजेक्ट्स के साथ अपने फैंस को चौंकाना चाहती हैं।

उन्होंने कहा, मैं अपने फैंस और खुद को उन किरदारों से हैरान करना चाहती हूं, जिन्हें मैं निभा रही हूं। मैं खुद को सिर्फ एक तरह के किरदार तक सीमित नहीं रखना चाहती। इसलिए मैं एक विलेन की भूमिका निभाने के लिए काफी एक्साइटिड हूं, यह मेरे लिए नई चुनौती है और मैं इसे निभाने में पूरी मेहनत करुंगी।

आज का राशिफल

मेष : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम न करें। दौड़धूप अधिक रहेगी। कोई सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। चिंता तथा तनाव को हावी न होने दें विजय आपकी ही होगी।

वृष : आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

मिथुन : घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बनेंगे। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शुभ समय। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

कर्क : बड़ा काम करने का मन बनेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। दूर से सुखद सूचना मिल सकती है।

सिंह : मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा।

कन्या : नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रशंसा प्राप्त होगी। परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है।

तुला : किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। आय बनी रहेगी। थकान महसूस होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

वृश्चिक : नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभ समय। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

धनु : पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

मकर : मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में कमी हो सकती है। व्यापार ठीक चलेगा। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है।

कुंभ : भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

मीन : बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है।

प्रोटीन युक्त नाश्ता : पनीर पैनकेक

अमेरिकन क्लासिक ब्रेकफास्ट डिश पैनकेक भारतीय घरों में भी काफी लोकप्रिय हो चुकी है। बनाना पैनकेक से लेकर चॉकलेट और वैनिला तक, आपने अब तक कई तरह के फ्लेवर्स ट्राई किए होंगे। लेकिन आज हम आपको फ्लफी और स्वादिष्ट पनीर पैनकेक बनाने के बारे में बताएंगे। इन पनीर पैनकेक को शहद, मेपल सिरप, मक्खन या नुटेला किसी के भी साथ सर्व किया जा सकता है।

सामग्री :

-250 ग्राम कसा हुआ पनीर (घर का बना पनीर) -2 साबुत अंडे
-3 बड़े चम्मच चीनी
-1/2 छोटा चम्मच बेकिंग पाउडर
-1/2 कप गेंहू का आटा , चुटकी भर नमक
-3 बड़े चम्मच दूध
-2 बड़े चम्मच मक्खन (नमकीन)

विधि :

1. एक साफ और सूखे बाउल में अंडे को हल्का और फूलने तक फेंटें।
2. चीनी डालकर तब तक फेंटें जब तक ये अच्छी तरह से मिल न जाए। फेंटे हुए अंडे के मिश्रण में कसा हुआ पनीर, बेकिंग पाउडर, मैदा और नमक मिलाएं। दूध डालें और अच्छी तरह मिलाने के लिए फेंटें। जबतक एक गाढ़ा पैनकेक बैटर तैयार न हो जाए।
3. धीमी आंच पर एक कड़ाही गरम करें। थोड़ा मक्खन पिघलाएं और एक बड़ी कडछी की मदद से पैन पर बैटर डालें। बैटर अपने आप फैल जाएगा।
4. जब ऊपर से बुलबुले दिखने लगे तो पलट दें और पनीर पैनकेक को दूसरी तरफ से भी पकाएं।
5. एक बार हो जाने के बाद, बचे हुए बैटर के साथ भी इसी तरह आगे बढ़ें और पनीर पैनकेक को एक सर्विंग प्लेट में ट्रांसफर करें।
6. पनीर पैनकेक को फलों और शहद या मेपल सिरप के साथ एक प्रोटीन नाश्ते के रूप में परोसें।

शब्द सामर्थ्य- 42

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 041 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

सू-दोकू- 42

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.041 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6